आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 19.03.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और क्रू–9 के अन्य सदस्य 9 महीने अंतरिक्ष में फंसे रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेल को आधुनिक और कुशल परिवहन प्रणाली बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए व्यापक सुधार किए।
- देहरादून नगर निगम के नव निर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक में पार्षदों ने उठाईं विभिन्न समस्याएं।

सुनीता विलियम्स

अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर आज सुबह स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान पर सवार होकर धरती पर वापस आ गए हैं। उनके स्पेसएक्स कैप्सूल ने पैराशूट से मेक्सिको की खाड़ी के लिए उड़ान भरी। फ्लोरिडा पैनहैंडल में तल्हासी के तट पर स्पलैशडाउन हुआ, जिससे दोनों अंतरिक्ष यात्रियों की नौ महीने की कठिन परीक्षा समाप्त हो गई। इसके साथ ही अंतरिक्ष यात्रियों ने स्पेसएक्स के क्रू–9 के साथ नासा के निक हेग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोरबुनोव के साथ अपनी यात्रा पूरी की। विल्मोर और विलियम्स पिछले साल जून से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर थे। दोनों ने अंतरिक्ष में 286 दिन बिताए जो अनुमान से 278 दिन अधिक हैं।

रेल मंत्री

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारतीय रेल को आधुनिक, कुशल और पर्यावरण अनुकूल परिवहन प्रणाली बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। उन्होंने कहा कि रेलवे की वित्तीय स्थिति अच्छी है और सरकार इसे और बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। श्री वैष्णव ने लोकसभा में कल रेल मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा का जवाब देते हुए यह बात कही। रेल मंत्री ने कहा कि देश में वर्ष 2020 से यात्री किराए में वृद्धि नहीं की गई है और यह अन्य देशों की तुलना में बहुत किफायती है। श्री वैष्णव ने कहा कि रेलवे ने पिछले दस वर्षों में पांच लाख नौकरियां दी हैं और एक लाख से अधिक नौकरियों के लिए भर्ती प्रक्रिया जारी है।

रेल मंत्री ने कहा कि सरकार ने देश में रेल दुर्घटनाओं को कम करने और यात्रियों की सुरक्षा को बढ़ाने पर अधिक ध्यान केंद्रित किया है।

एम्बुलेंस

देहरादून जिला अस्पताल और नारी निकेतन के लिए एंबुलेंस और जिले के लिए एक मोक्ष वाहन उपलब्ध कराया गया है। नारी निकेतन को पहली बार एंबुलेंस सुविधा प्रदान की गई है। विधायक खजान दास और जिलाधिकारी सविन बंसल ने कलेक्ट्रेट परिसर से इन तीनों वाहनों को हरी झंडी दिखाकर मानवता की सेवा के लिए रवाना किया। नई एंबुलेंस संचालन से स्वास्थ्य सेवा सुदृढ़ होगी और मरीजों को सुविधा होगी। वहीं नारी निकेतन के लिए एंबुलेंस वाहन संचालन के लिए पीआरडी से वाहन चालक की नियुक्ति भी कर दी गई है।

## मतदाता सूची

नैनीताल जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रशासक के माध्यम से बैठक आयोजित कर संबंधित ग्राम पंचायत की मतदाता सूची को प्रदर्शित किया जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने हल्द्वानी में पत्रकार वार्ता में बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों की त्रुटिहीन, शुद्ध और परिपूर्ण निर्वाचक नामावलियां तैयार कराये जाने के लिए जिले के सभी विकासखंडों में आगामी 22 मार्च तक विशेष अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि मतदाता अपनी सूची का अवलोकन करते हुए अगर कोई त्रुटि पाते हैं, तो उसे ठीक करा सकते हैं। यदि सूची में किसी मतदाता का नाम छूट गया है, तो उसे जुड़वा सकते हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि इच्छुक व्यक्ति के लिए फार्म निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा।

## चारधाम यात्रा तैयारियां

प्रदेश सरकार ने आगामी चारधाम यात्रा के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए व्यापक सुधार किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग, तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को और बेहतर बनाने के प्रयास कर रहा है।
इस साल केदारनाथ में 17 बेड और बद्रीनाथ में 45 बेड के नए अस्पताल खोले जा रहे हैं। यात्रा मार्ग पर 25 विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के साथ ही 20 मेडिकल रिलीफ पोस्ट और 31 स्वास्थ्य जांच केंद्र स्थापित किए जाएंगे। देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी और टिहरी में 37 स्थायी स्वास्थ्य केंद्रों को सुदृढ़ किया गया है। 154 एम्बुलेंस तैनात की जा रही हैं, जिनमें 17 एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस भी शामिल हैं। एम्स ऋषिकेश द्वारा संचालित हेलीकॉप्टर एम्बुलेंस के साथ ही टिहरी झील में बोट एम्बुलेंस भी उपलब्ध रहेंगी। यात्रा मार्ग में स्वास्थ्य मित्रों की संख्या बढ़ाकर आपातकालीन सहायता को और मजबूत किया जाएगा। इसके अलावा, ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल को अपग्रेड किया जा रहा है, जिसमें एक आपातकालीन सहायता बटन जोड़ा जाएगा। श्रद्धालुओं की सेहत की निगरानी के लिए प्वाइंट ऑफ केयर टेस्टिंग डिवाइस के जरिए 28 स्वास्थ्य मापदंडों की जांच की जाएगी। सरकार ने गुप्तकाशी में 50 बेड के अस्पताल के लिए बजट स्वीकृत किया है और स्वास्थ्य कर्मियों के लिए केंद्र सरकार से धनराशि भी मंजूर की गई है।
इसके अलावा, आपातकालीन कॉल सेंटर को और मजबूत किया जाएगा और होटल, धर्मशालाओं, खच्चर चालकों सहित स्थानीय सेवाओं से जुड़े लोगों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा।

## निगम बोर्ड बैठक

देहरादून नगर निगम के नव–निर्वाचित बोर्ड की पहली बैठक आयोजित की गई। मेयर सौरभ थपलियाल की अध्यक्षता में आयोजित बोर्ड बैठक में नगर आयुक्त नमामी बंसल समेत सभी 100 वार्डों के पार्षद मौजूद रहे। बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, निर्माण कार्य, स्ट्रीट लाइट, सड़क, पार्क समेत विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। मेयर सौरभ थपलियाल के अनुसार, पार्षदों की ओर से जिन भी समस्याओं के संबंध में अवगत कराया गया है, उन्हें हल करना नगर निगम की प्राथमिकता रहेगी।

## घाम तापो पर्यटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तराखंड में घाम तापो पर्यटन को बढ़ावा देने के संदेश का असर उत्तरकाशी के मुखबा और हर्षिल में देखने को मिल रहा है। विदेशों से पर्यटक मुखबा पहुंचकर गुनगुनी धूप के साथ योग साधना कर रहे हैं। गंगोत्री के तीर्थ पुरोहित सुधांशु सेमवाल ने बताया कि चेक रिपब्लिक के पर्यटकों का दल ऋषिकेश से गंगोत्री पहुंचा। पर्यटकों ने मां गंगा मंदिर परिसर सहित लकड़ी से बने समेश्वर देवता और नरसिंह देवता के मंदिर की तिबार में गुनगुनी धूप का आनंद लिया। इसके साथ ही यहां पर योग और साधना भी की। वहीं, पर्यटन व्यवसायी दीपक राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री के हर्षिल–मुखबा दौरे का असर तेजी से दिख रहा है। हर्षिल क्षेत्र में अच्छी बुकिंग आ रही है और बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं।

चंडिका देवी

चमोली जिले में कर्णप्रयाग के सिमली क्षेत्र की आराध्या देवी, मां चण्डिका की दिवारा यात्रा सिमली पहुंची। इस अवसर पर सिमली स्थित पिण्डर नदी में भव्य समुद्र मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें देवताओं और असुरों के बीच समुद्र मंथन में निकले 9 रत्नों के बंटवारे और अमृत पीने को लेकर उपजे विवाद के नाटक का शानदार मंचन किया गया। इस कार्यक्रम में कई गांवों की ध्याणियों सहित क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने मां चण्डिका से आशीर्वाद प्राप्त किया।